भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3180
गुरूवार, 19 मार्च, 2026/28 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

बौद्ध सर्किटों को प्रोत्साहन

3180 श्री रतनजीत प्रताप नारायन सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में कुशीनगर सहित बौद्ध सर्किटों को बढ़ावा देने के लिए चलाए गए अंतर्राष्ट्रीय विपणन अभियानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पर्यटन संचालकों और मीडिया को आकर्षित करने के लिए आयोजित बौद्ध सम्मेलन की स्थिति क्या है;

(ग) इस सर्किट के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप विकसित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) विदेशी भाषाओं (थाई, जापानी आदि) में पर्यटक गाइडों को दिए गए प्रशिक्षण का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कुशीनगर को विश्व स्तरीय तीर्थ स्थल बनाने के लिए सरकार का क्या दृष्टिकोण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय, विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और यात्रा व्यापार क्षेत्र के सहयोग से की गई विभिन्न संवर्धनात्मक गतिविधियों के माध्यम से देश के पर्यटन स्थलों और उत्पादों, जिनमें बौद्ध स्थल भी शामिल हैं, का संवर्धन करता है, जिसका उद्देश्य देश में अंतर्गामी पर्यटन को बढ़ावा देना है।

संवर्धनात्मक गतिविधियों में पर्यटन रोड शो का आयोजन, अंतरराष्ट्रीय यात्रा व्यापार प्रदर्शनियों, मेलों और महोत्सवों में भागीदारी; विदेशी टूर ऑपरेटरों, मीडिया और प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए परिचयात्मक (एफएएम) यात्राओं का आयोजन; स्थानीय टूर ऑपरेटरों और अन्य उद्योग के हितधारकों के साथ जुड़ाव; सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से प्रचार आदि शामिल हैं।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, मंत्रालय ने भारतीय दूतावासों और ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशनों के समन्वय से मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान सहित विभिन्न देशों में रोड शो और बिजनेस टू बिजनेस कार्यक्रम आयोजित किए।

(ख): पिछला बौद्ध सम्मेलन वर्ष 2018 में पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। वर्तमान में बौद्ध सम्मेलन के आयोजन के लिए पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और बौद्ध पर्यटन स्थलों सहित विविध आकर्षणों का पता लगाने में रुचि रखने वाले यात्रियों और हितधारकों के लिए एक व्यापक संसाधन के रूप में अतुल्य भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म (आईआईडीपी) और इसके मोबाइल ऐप का नया संस्करण लॉन्च किया है।

(घ): वर्ष 2024-25 में विदेशी भाषा में पर्यटक गाइडों को दिए गए प्रशिक्षण का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**भाषा का नाम**	**प्रशिक्षुओं की संख्या**
1	फ़्रेंच	60
2	जर्मन	90
3	जापानी	60
4	स्पेनिश	60
5	थाई	90
	कुल	**360**

(ङ): कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अक्टूबर, 2021 में चालू किया गया था, ताकि, सीधी अंतरराष्ट्रीय संपर्कता संभव हो सके। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ विषय के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में 2016-17 में 'श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास' नामक परियोजना के लिए 87.89 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी। इस परियोजना के तहत कुशीनगर में विकसित सुविधाओं में ध्वनि एवं प्रकाश शो, पार्किंग सुविधाएं, सौर प्रकाश व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन आदि शामिल हैं।

*****